an>

Title: Regarding making Juglan Gaon of Haryana wi fi enabled.

श्री दुÂष्यंत चौटाला (हिसार): अध्यक्ष महोदया, आपने शून्य काल में मुझे एक बड़ा ही महत्वपूर्ण विषय उठाने का अवसर दिया है। महोदया, एक ओर तो आप पार्लियामेंट को वाई-फाई इनेबल्ड करने की बात करते हैं, देश के प्रधान मंत्री डिजीटल इंडिया की बात करते हैं, दूसरी ओर मेरे द्वारा अपने एमपीलैंड से सवा सात लाख रूपये जुगलान ग्राम पंचायत को वाई-फाई करने के लिए दिए गए और बड़े दुख के साथ मैं आपको बताता हूँ कि प्लानिंग स्टैटिस्टिक्स मंत्रालय की ओर से चिट्ठी आई कि आप वाईफाइ इक्युपमेंट्स नहीं दे सकते हैं।

महोदया, मैं सरकार से आपके माध्यम से पूछना चाहूंगा कि इतनी बड़ी बात हम डिजीटल इंडिया की करते हैं, आज दिल्ली के अंदर मल्टी स्पॉट्स वाई-फाई इनेबल्ड एरिया हमने बनाए हैं, मगर जहां एक गरीब किसान, मज़दूर के बच्चों को गांवों में हम वाई-फाई देने की बात करते हैं, वहां पर प्लानिंग स्टैटिस्टिक्स मंत्रालय की ओर से प्रतिबंध लगाए जाते हैं। बीएसएनएल भी सरकार की एक एजेंसी है, जिसके माध्यम से मैं यह कार्य पूरा करा रहा था।

मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि माननीय प्लानिंग स्टैटिस्टिक्स मंत्री अधिकारियों को दिशा निर्देश दें कि यह प्रतिबंध हटा कर जल्द से जल्द जुगलान गांव के लोगों को भी वाई-फाई इनेबल्ड कराने के लिए जो इक्युपमेंट हैं, उसकी मंजूरी देने का काम करें।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री दुÂष्यंत चौटाला द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।